**न्यायालय जनपद न्यायाधीश, बस्ती।**
फौजदारी प्रकीर्ण वाद संख्या -482/2026
तुलसी राम बनाम सरकार।

**<u>05.08.2026</u>**

प्रस्तुत अन्तरण प्रार्थनापत्र एन.सी.आर संख्या 14/2020 धारा 323,504 भा०द०स० न्यायालय द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बस्ती में लम्बित है, को प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश , बस्ती के न्यायालय में अन्तरण हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बस्ती के न्यायालय में सत्र परीक्षण संख्या 1143/2021, धारा- 147,323,504,506,325,308 भा०द०स० लम्बित है तथा इसका क्रास केस एन.सी.आर संख्या 14/2020 बताया गया है। चूँकि क्रास केस विद्वान न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय बस्ती में लम्बित बताया गया है। इस कारण से विद्वान न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय बस्ती द्वारा कमिट किया जाना है। यदि प्रकरण क्रास के रूप में है। इस सम्बन्ध में विद्वान अधिवक्ता ने स्पष्ट किया कि उन्होने सम्बन्धित न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया है परन्तु कोई आदेश नहीं किया गया है।

**<u>आदेश</u>**

सम्बन्धित विद्वान न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय बस्ती को निर्देशित किया जाता है कि एन.सी.आर संख्या 14/2020 अन्तर्गत धारा 323,504 भा०द०स० थाना गौर सरकार बनाम जगतराम की पत्रावली यदि सत्र परीक्षण संख्या 1143/2021, धारा- 147,323,504,506,325,308 भा०द०स० का क्रास पाते है तो उन परिस्थिति में तत्काल कमिट करना सुनिश्चित करें। तद्नुसार अन्तरण प्रार्थनापत्र निस्तारित किया जाता है।

इस आदेश की एक प्रति सम्बन्धित न्यायालय को तत्काल अनुपालन हेतु प्रेषित की जाय।

सत्र न्यायाधीश,
बस्ती।